**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4302**

**दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**उत्तर प्रदेश में मेडिकल कॉलेज**

**4302. श्री राम शिरोमणि वर्मा:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश के सबसे पिछड़े आकांक्षी जिले श्रावस्ती में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की कमी है और मरीजों की संख्या की तुलना में डॉक्टरों, नर्सों और परा-चिकित्सा स्टाफ की संख्या पर्याप्त नहीं है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (घ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संलग्न नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है, जिसमें ऐसे अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहाँ कोई सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज मौजूद नहीं है। केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच निधीयन सांझेदारी पद्धति पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में और अन्य राज्यों के लिए 60:40 के अनुपात में है। इस स्कीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 27 मेडिकल कॉलेज अनुमोदित किए गए हैं जिनमें से 26 कार्यशील हैं।

इसके अतिरिक्त, "जन स्वास्थ्य एवं अस्पताल" राज्य का विषय है, जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का प्राथमिक उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकारों का है। तथापि, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय जन स्वास्थ्य परिचर्या प्रदायगी को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आवश्यक उपकरण हैं और आम जनता को सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

******